परम आवश्यक

**सतर्कता/अनुशासनात्मक-सह-एपीएआर प्रकोष्ठ**
**भाकृअनुप-राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान**
**करनाल-132001 (हरियाणा)**

फाइल सं.1-12/सीएओ/विज.टीआएजी/2012

दिनांक 20 अक्टूबर, 2022

परिपत्र

भाकृअनुप-राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान, करनाल तथा इसके बैंगलोर एवं कल्याणी स्थित क्षेत्रीय केन्द्रों के सभी स्टाफ सदस्यों के ध्यान में लाया जाता है कि केंद्रीय सतर्कता आयोग, भारत सरकार द्वारा 31 अक्टूबर, 2022 से 06 नवंबर, 2022 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2022 मनाया जा रहा है। इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का विषय **"भ्रष्टाचार मुक्त भारत - विकसित भारत"** है। इसके लिए सभी कर्मचारियों को शपथ दिलाई जाएगी। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के मनाने की शुरूआत **31 अक्तूबर, 2022 को पूर्वाहन 11.00 बजे** सभी अधिकारियों, कर्मचारिरों को शपथ दिलाने के साथ होगी। इसलिए भाकृअनुप-राडेअनुसं, करनाल और इसके क्षेत्रीय केन्द्रों के प्रभागों/अनुभागों के अध्यक्ष/प्रभारी को सलाह दी जाती है कि वे उपरोक्त अनुसूची के अनुसार अपने प्रभाग/अनुभाग/केन्द्र स्तर पर सभी कर्मचारियों को शपथ दिलाने का कार्यक्रम आयोजित करें।

सभी संबंधित अध्यक्षों/प्रभारियों से निवेदन है कि **इस संबंध में कार्रवाई रिपोर्ट अधोहस्ताक्षरी को दिनांक 08 नवंबर 2022 तक अनिवार्य रूप से भेजें** ताकि आई.सी.ए.आर. मुख्यालय को तदनुसार सूचित किया जा सके। **सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा की प्रति संलग्न है।** इस संबंध में परिपत्र संख्या 022/वीजीएल/022/वीजीएल/029 दिनांक 08.09.2022 सीवीसी की वेबसाइट https://www.cvc.gov.in पर भी उपलब्ध है।

संलग्न: उपरोक्तानुसार।

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (वरिष्ठ ग्रेड)**

**वितरण:-**

- निदेशक, राडेअनसं, करनाल को उनके निजी सचिव के माध्यम से।
- संयुक्त निदेशक (शैक्षणिक), भाकृअनुप-राडेअनुसं, करनाल।
- संयुक्त निदेशक (अनुसंधान), भाकृअनुप-राडेअनुसं करनाल।
- संयुक्त निदेशक (प्रशासनिक) एवं वरिष्ठ कुलसचिव, भाकृअनुप-राडेअनुसं करनाल।
- मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, भाकृअनुप-राडेअनुसं, करनाल।
- नियंत्रक, भाकृअनुप-राडेअनुसं, करनाल।
- प्रभारी, कंप्यूटर केंद्र, भाकृअनुप-राडेअनुसं, करनाल उपरोक्त परिपत्र को ई-ऑफिस नोटिस बोर्ड एवं भाकृअनुप-राडेअनुसं वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
- सभी अध्यक्षों/प्रभाग के प्रभारियों, राडेअनुसं, करनाल।
- अध्यक्ष, दक्षिणी क्षेत्रीय केन्द्र, राडेअनुसं, आडुगोडी, बंगलौर।
- अध्यक्ष, पूर्वी क्षेत्रीय केन्द्र, राडेअनुसं, कल्याणी-741235, जिला नादिया (पश्चिम बंगाल)
- गार्ड फाइल।

अनुलग्नक `ख`

## संगठनों के लिए सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा

हमारा विश्वास है कि हमारे देश की आर्थिक, राजनीतिक तथा सामाजिक प्रगति में भ्रष्टाचार एक बड़ी बाधा है।

हमारा विश्वास है कि भ्रष्टाचार का उन्मूलन करने के लिए सभी संबंधित पक्षों जैसे सरकार, नागरिकों तथा निजी क्षेत्र को एक साथ मिल कर कार्य करने की आवश्यकता है।

इस दिशा में स्वयं को एक उदाहरण के रूप में प्रस्तुत करने तथा रक्षोपाय, सत्यनिष्ठा ढांचा तथा नीति-संहिता स्थापित करने के अपने उत्तरदायित्व को हम स्वीकार करते हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हम किसी भी भ्रष्ट आचरण का हिस्सा नहीं हैं तथा भ्रष्टाचार के दृष्टांतों पर हम अत्यधिक सख्ती से कार्रवाई करते हैं।

हम मानते हैं कि भ्रष्टाचार उन्मूलन करने में तथा अपने कार्यों के सभी पहलुओं में सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता तथा सुशासन के उच्चतम मानक बनाए रखने के लिए, एक संगठन होने के नाते हमें सामने से नेतृत्व करना होगा।

अत:, हम प्रतिज्ञा करते हैं कि :-

- हम नीतिपरक कार्य पद्धतियों को बढ़ावा देंगे तथा ईमानदारी और सत्यनिष्ठा की संस्कृति को प्रोत्साहन देंगे;
- हम ना तो रिश्वत देंगे और ना ही रिश्वत लेंगे;
- हम पारदर्शिता, जिम्मेवारी तथा निष्पक्षता पर आधारित निगमित सुशासन की प्रतिज्ञा करते हैं;
- हम कार्यों के संचालन में संबद्ध कानूनों, नियमावलियों तथा अनुपालन प्रक्रियाओं का पालन करेंगे;
- हम अपने सभी कर्मचारियों के लिए एक नीति-संहिता अपनाएंगे;
- हम अपने कर्मचारियों को उनके कर्तव्यों के ईमानदार निष्पादन के लिए, उनके कार्य से संबद्ध नियमों, विनियमों आदि के बारे में सुग्राही बनाएंगे;
- हम समस्याओं तथा कपटपूर्ण कार्यकलापों की सूचना देने के लिए समस्या समाधान तथा सूचना प्रदाता तंत्र उपलब्ध कराएंगे;
- हम संबंधित पक्षों तथा समाज के अधिकारों एवं हितों का समग्र रूप से संरक्षण करेंगे।